राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
■ लखनऊ ■ नई दिल्ली ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित
लखनऊ
शनिवार ● 5 अक्टूबर ● 2019
पृष्ठ 18+4 (हस्तक्षेप), मूल्य ` 3.00



जडेजा सबसे तेजी से विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने

पेज-16



पद के लालच में विपक्ष के लोग आपस में ही लड़ रहे हैं। जिनकी अपनी लड़ाई खत्म होने का नाम नहीं ले रही वो जनता के हित के लिए क्या लड़ेंगे। हरियाणा में भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो जनता के कल्याण के लिए लड़ती है ना कि अपने निजी स्वार्थ के लिए। मनोहरलाल, सीएम, हरियाणा

# एसएमएस को मिला एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड




**लखनऊ (एसएनबी)।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) को वर्ल्ड एजुकेशन कांग्रेस द्वारा आयोजित एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड-2019 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ऐसे संस्थानों को मान्यता देते हैं, जो अपने पाठ्यक्रम में नवीन और आधुनिक हैं तथा अपने छात्रों को प्रतिभा का पोषण कराने में विश्वास रखते हैं। संस्थान को यह पुरस्कार यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने प्रदान किया। संस्थान को नेतृत्व विकास संस्थान और उद्योग इंटरफेस के मामले में सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में मान्यता दी गयी है। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह तथा डायरेक्टर जनरल (तकनीकी) प्रो. बी.आर. सिंह को यह पुरस्कार गत एक अक्टूबर को आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान के दो शिक्षकों डा. हेमंत सिंह व डा. प्रशांत गंगवार को देवांग मेहता नेशनल एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज कुमार मेहरोत्रा ने उक्त सम्मान प्राप्त होने के लिए अध्यापकों व छात्रों को धन्यवाद दिया है।